Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 29-11-2005

Participants : Bishnoi Shri Jaswant Singh

>

Title : Power shortage in Rajasthan.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान राजस्थान में बिजली संकट की तरफ आकर्ति करना चाहता हूं। पिछले कुछ समय से राजस्थान में गंभीर बिजली संकट है। अगर कोई यूनिट फेल हो जाती है तो किसानों के सामने गंभीर संकट पैदा हो जाता है। भारत सरकार का भी दायित्व बनता है कि राज्य सरकार जितनी बिजली की मांग करती है, वह मांग पूरी करे और ज्यादा से ज्यादा बिजली राजस्थान को दे। खास तौर से पिछले कुछ समय से राजस्थान सरकार ने जितनी बार भारत सरकार से बिजली की मांग की है, उसे भारत सरकार ने नकार दिया है और मांग के अनुसार बिजली नहीं देने से राजस्थान के किसान काफी परेशानी में हैं।

राजस्थान में बारिश कम हुई है और कम बारिश के कारण लोग परेशान हैं, वहीं तमिलनाडु में ज्यादा बारिश होने से लोग परेशान हैं। आज भी पश्चिमी राजस्थान के लोग कम बारिश होने की वजह से परेशान हैं। वहां अगर पर्याप्त बिजली मिलती है, तो किसान अपनी पैदावार करके अपना जीवन-यापन कर सकते हैं। मैं भारत सरकार से निवेदन करूंगा कि राजस्थान को ज्यादा से ज्यादा बिजली दे, ताकि राजस्थान में किसान अपनी पैदावार करके जीवन-यापन कर सकें।